आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 20.03.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :—

- प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2025—26 के लिए तैयार योजनाओं की भौतिक स्थिति, वित्तीय प्रगति और नतीजों के आधार पर कार्य किया जाएगा।
- चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण शुरू, पहले दिन रिकॉर्ड 1 लाख 80 हजार पहुंचा पंजीकरण का आंकड़ा।
- प्रदेश में चारधाम यात्रा की तैयारियां जोरों पर, गौरीकुंड—केदारनाथ पैदल मार्ग से बर्फ हटाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है।
- औली में दो दिवसीय राज्य स्तरीय औली हिमालयन कप और स्कीइंग प्रतियोगिता का शुभारंभ।

मुख्यमंत्री समीक्षा

प्रदेश में आगामी वित्तीय वर्ष 2025—26 के लिए तैयार योजनाओं की भौतिक स्थिति, वित्तीय प्रगति और नतीजों के आधार पर कार्य किया जाएगा, ताकि बजट का अधिकतम और प्रभावी उपयोग होने के साथ ही लोगों की आजीविका भी बढ़ सके। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज सचिवालय में कृषि, उद्यान और सहकारिता विभाग से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को ये निर्देश दिए। उन्होंने किसानों को परंपरागत खेती में नवीनतम तकनीकों का लाभ दिलाने के लिए अधिकारियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करने को कहा। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की आर्थिकी को मजबूत करने के लिए क्लस्टर आधारित खेती और मिलेट उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ ही एरोमा, एप्पल और कीवी मिशन को तेजी से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के पारंपरिक उत्पादों और फलों के उत्पादन को प्रोत्साहित करने के साथ ही उन फसलों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया जाए, जिन्हें जंगली जानवर नुकसान नहीं पहुंचाते। साथ ही, औषधीय पौधों के उत्पादन को बढ़ाने और किसानों को इसके प्रति जागरूक करने पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मूल्य श्रृंखला प्रणाली को मजबूत करने और अगले पांच वर्षों में प्रदेश की सभी ग्राम सभाओं को पैक्स से जोड़ने के निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री तीन साल कार्यकाल

प्रदेश सरकार के 3 साल पूरे होने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में तीन साल की अवधि में राज्य सरकार ने कई विकास कार्यों को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने समान नागरिक संहिता, नकल विरोधी कानून और सख्त भू—कानून सहित राज्य के विकास के लिए कई ऐतिहासिक फैसले लिए हैं।

चारधाम यात्रा पंजीकरण शुरू

प्रदेश में चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण आज से शुरू हो गए हैं। पहले दिन शाम 5 बजे तक रिकॉर्ड 1 लाख 80 हजार श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया। केदारनाथ के लिए सबसे ज्यादा 57 हजार श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया। इस बार पंजीकरण के दौरान श्रद्धालुओं को अपना आधार कार्ड विवरण देना जरूरी होगा। 60 प्रतिशत पंजीकरण ऑनलाइन, जबकि 40 प्रतिशत पंजीकरण ऑफलाइन किए जाएंगे, ताकि तीर्थयात्रियों को कोई परेशानी न हो। यात्रा मार्गों पर हरिद्वार और ऋषिकेश के साथ पंजीकरण केंद्रों की संख्या बढ़ाई जाएगी।

श्रद्धालु registrationandtouristcare.uk.gov.in पर ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं। गौरतलब है कि इस वर्ष 30 अप्रैल को गंगोत्री और यमुनोत्री धामों के कपाट खुलने के साथ ही चारधाम यात्रा शुरू हो जाएगी।

राज्यपाल/गृह मंत्री भेंट

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलकात की। इस दौरान राज्यपाल ने केंद्रीय गृह मंत्री से वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास, पुलिस प्रशिक्षण और आधुनिकीकरण पर चर्चा की। इसके अलावा उन्होंने उत्तराखण्ड में सहकारिता के माध्यम से होमस्टे, हनी, अरोमा और श्रीअन्न को प्रोत्साहित किए जाने आदि विषयों पर भी चर्चा की। राज्यपाल ने नई दिल्ली में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से भी शिष्टाचार भेंट की।

केदारनाथ पैदल मार्ग

प्रदेश में चारधाम यात्रा की तैयारियां जोरों पर हैं। वहीं, आगामी 2 मई से शुरू होने वाली केदारनाथ यात्रा की तैयारियों के तहत गौरीकुंड–केदारनाथ पैदल मार्ग से बर्फ हटाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। गत 14 मार्च से पैदल मार्ग पर लोक निर्माण विभाग द्वारा बर्फ सफाई का कार्य किया जा रहा है। पहले चरण में रामबाड़ा से लिनचोली के बीच बर्फ की सफाई की जा रही। पिछले छह दिनों में विभाग के मजदूर, दो किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में बर्फ को साफ कर आवाजाही के लिए रास्ता बना चुके हैं। छोटी लिनचोली से केदारनाथ के बीच बर्फ ज्यादा है, जिससे सफाई में दिक्कतें भी आ रही हैं। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता विनय झिक्वांण ने बताया कि चटक धूप में ऊपरी तरफ से बर्फ खिसकने का खतरा सबसे अधिक है। ऐसे में कार्य कर रहे मजदूरों को सतर्कता बरतने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि मौसम ने साथ दिया तो अप्रैल दूसरे सप्ताह तक केदारनाथ तक पैदल मार्ग को आवाजाही के लिए खोल दिया जाएगा।

औली स्कीइंग चैंपियनशिप

चमोली जिले के औली में स्की एंड स्नो बोर्ड एसोसिएशन के तत्वावधान में दो दिवसीय राज्य स्तरीय औली हिमालयन कप और स्कीइंग चैंपियनशिप शुरू हो गई है। नन्दा देवी इंटर नेशनल स्कीइंग स्लोप पर बर्फ की कमी के चलते ये प्रतियोगिता औली टॉप के समीप की बर्फीली ढलानों पर आयोजित कराई जा रही है। पहले दिन आज अल्पाइन स्कीइंग के चिल्ड्रन और सब जूनियर केटेगिरी अंडर 12 वर्ग के स्कीइंग इवेंट्स आयोजित किए गए। स्कीइंग एंड स्नो बोर्ड एसोसिएशन, चमोली के अध्यक्ष विवेक पंवार ने बताया कि बहुत कम समय में ये आयोजन कराया गया है, ताकि औली में कुछ स्कीइंग इवेंट्स हो सके। उन्होंने बताया कि कल अंडर 18 वर्ग और ओपन 18 वर्ग में हिमालयन कप स्कीइंग इवेंट्स का भी आयोजन होना है। प्रतियोगिता के अंतिम दिन कल दोनो इवेंट्स के बाद पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

संयुक्त मजिस्ट्रेट निरीक्षण

अल्मोड़ा–रानीखेत के संयुक्त मजिस्ट्रेट राहुल आनन्द ने कई ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर केंद्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने रानीखेत तहसील के ग्राम भैंसोली में जल जीवन मिशन और विद्यालय की समस्या को लेकर ग्रामीणों और संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक भी की। बैठक में ग्रामीणों ने अध्यापकों के समय से विद्यालय में नहीं पहुंचने, क्षतिग्रस्त सड़क और पेयजल सहित कई समस्याएं रखीं। संयुक्त मजिस्ट्रेट ने विभागीय अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए।

गौरैया दिवस नैनीताल

आज विश्व गौरैया दिवस है। इस अवसर पर नैनीताल जिले के चोरगलिया स्थित नन्धौर वन्य जीव अभ्यारण्य में निकटवर्ती ग्रामीणों और नेचर गाइड्स को गौरैया के संवर्धन के प्रति जागरूक करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हल्द्वानी वन प्रभाग के उप प्रभागीय वनाधिकारी गणेश दत्त जोशी ने बताया कि प्रभाग ने नन्धौर वन्य जीव अभ्यारण्य आने वाले बर्ड वॉचिंग पर्यटकों के लिए दो नए बर्ड वॉचिंग ट्रेल चिन्हित कर एक पहल की है। उन्होंने बताया कि पहली ट्रेल चोरगलिया से मछली वन तक लगभग पांच किलोमीटर लंबी और दूसरी हल्द्वानी के गौलापार में कालीचौड़ मंदिर के निकट लगभग चार किलोमीटर लंबी ट्रेल चिन्हित की गई है। इसके लिए प्रस्ताव अनुमोदन के लिए उच्च अधिकारियों को भेजा गया है।

स्वास्थ्य केंद्र स्वीकृति

रुद्रप्रयाग जिले की बच्छणस्यूं पट्टी की दस से अधिक ग्राम पंचायतों के निवासियों को अब प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दूर–दराज नहीं जाना पड़ेगा। जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम प्रकाश ने बताया कि शासन से कांडई में राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, टाइप–ए की प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है। शेष औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। साथ ही भवन निर्माण और पदों के सृजन के लिए निदेशालय के माध्यम से शासन को पत्र भेजा जा रहा है। चार बेड वाले इस अस्पताल में एलोपैथिक के साथ ही आयुर्वेदिक विंग का संचालन भी होगा, जिससे जरूरतमंद को लाभ मिलेगा। कांडई में अस्पताल संचालन से ग्राम पंचायत कांडई, बैरांगणना, टैठी, स्यूंणी और पाटा आदि को लाभ मिलेगा।